केन्द्रीय सूचना आयोग
बाबा गंगनाथ मार्ग,
मुनिरका, नई दिल्ली - 110067.

दिनांक 23.09.2019

संचिका सं. CICOM/R/2019/50738

सेवा में,

सुश्री नेहा कुमारी

विषय:- सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत सूचना ।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक आपके दिनांक 05.09.2019 के ऑनलाइन आर.टी.आई. आवेदन से संबंधित सूचना निम्नानुसार है :-

| | |
|---|---|
| बिंदु सं. 1 से 5 | आपके द्वारा मांगी गई सूचना का धारक केन्द्रीय सूचना आयोग नहीं है । आपके आवेदन के माध्यम से मांगी गई सूचना का विषय वस्तु राज्य सरकार के अधीन कार्यरत कार्यालय/विभाग से संबंधित है, जबकि केन्द्रीय सूचना आयोग सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत केवल केन्द्रीय सरकार एवं संघ शासित प्रदेशों के अधीन कार्यरत कार्यालयों/विभागों के विरुद्ध द्वितीय अपीलीय अधिकरण है । राज्य सरकारों के अधीन कार्यरत कार्यालय/विभाग केन्द्रीय सूचना आयोग के प्रशासनिक/न्यायिक क्षेत्र से बाहर है, अत: राज्य सरकार के अधीन कार्यरत कार्यालयों/विभागों से संबंधित आवेदनों पर केन्द्रीय सरकार द्वारा कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है ।<br><br>कृपया सूचना से संबंधित कार्यालय में आवेदन दाखिल कर सूचना प्राप्त करें या संबंधित राज्य सूचना आयोग में संपर्क करें । |

यदि आप उपरोक्त सूचना से संतुष्ट नहीं है तो इस सूचना की प्राप्ति के 30 दिनों के अंदर प्रथम अपील श्री पीयूष अग्रवाल, पंजीयक एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी, केन्द्रीय सूचना आयोग, बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली - 110067 दूरभाष नं. 011-26105021 पर की जा सकती है ।

23/9/19

(टी. बी. जे. एस. राजप्पा)
केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी,
आर.टी.आई.सेल
दूरभाष - 011-26172690